प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 17.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्वीडन की दो दिन की यात्रा पर गोथेनबर्ग पहुंचेंगे। श्री मोदी प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। दोनों पक्ष व्यापार बढ़ाने हरित प्रौद्योगिकी को अपनाने, उभरती प्रौद्योगिकियों, स्टार्टअप, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, रक्षा, अंतरिक्ष जलवायु परिवर्तन और जन–संपर्क में सहयोग के नए रास्ते तलाशेंगे। दोनों प्रधानमंत्रियों के साथ–साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भी यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को संबोधित करेंगी। श्री मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य तकनीक में तेज परिवर्तनों और जटिल भू–राजनीतिक चुनौतियों के दौर में सहयोग के नए आयाम तलाशना है। श्री मोदी की 2018 में स्वीडन की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच भागीदारी बढ़ी है।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या को 33 से बढ़ाकर 37 करने की मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस अध्यादेश के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम,1956 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन से मुख्य न्यायाधीश सहित सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने भर्ती परीक्षाओं में त्रुटिपूर्ण प्रश्नों और गलत उत्तर कुंजी को लेकर बार–बार याचिकाएं आने को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव को कहा है कि वे कार्मिक सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ आईएएस अफसरों की एक हाई लेवल कमेटी का गठन करें। यह कमेटी इस विषय पर गहन परीक्षण कर भविष्य की भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए एसओपी बनाने के साथ ही अन्य सुधारात्मक उपाय भी निर्धारित करेगी। अदालत ने कहा है कि कमेटी यह भी परीक्षण करेगी कि क्या ऐसे प्रश्न और उत्तर कुंजी तैयार करने वाले अधिकारियों और विशेषज्ञों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश, तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती–2022 लेवल द्वितीय को लेकर दायर 45 याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

0000

एक राष्ट्र–एक चुनाव विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने कल बैंग्लुरु में राजनीतिक दलों, वैधानिक संस्थाओं और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों से गहन विचार विमर्श किया। समिति के सभापति पी पी चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कई राज्यों की यात्रा के दौरान समिति, आपत्तियां और सुझाव एकत्र कर रही है। इससे जुडी चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए कुछ राज्यों की विधानसभाओं को निर्धारित समय से पहले भंग करना होगा और दलबदल विरोधी कानून, अविश्वास प्रस्ताव तथा राष्ट्रपति शासन के माध्यम से समस्याओं का निदान करना पडेगा। उन्होंने बताया कि बार–बार चुनाव कराना राष्ट्रीय हित में नहीं है क्योंकि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बीच विकास कार्य प्रभावित होते हैं, आर्थिक गतिविधियां बाधित होती हैं, पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा शिक्षा, बैंक और सरकार के संबंधित विभागों पर भी इसका सीधा असर पड़ता है।

0000

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी ने कल अजमेर से तीन नई नियमित साप्ताहिक ट्रेनों का शुभारंभ किया। इनमें अजमेर–बांद्रा साप्ताहिक एक्सप्रेस, अजमेर–दौंड साप्ताहिक एक्सप्रेस तथा अजमेर–बांद्रा साप्ताहिक एक्सप्रेस शामिल है। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने ये जानकारी दी।

0000

आज विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस है। आज ही के दिन 1865 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र डिजिटल–प्रौद्योगिकी एजेंसी–अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य इंटरनेट और इससे जुडी तकनीकों के सकारात्मक उपयोग को बढावा देना है।

0000

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस भी है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में वैश्विक जागरूकता, रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करेंरू नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं।

0000

नागौर के अजमेर–बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर हुई एक दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गई और चार लोग घायल हो गए। यह हादसा चकढाणी गांव की सीमा पर एक बस और कार की आमने सामने की टक्कर से हुआ। कार सवार सभी यात्री बुटाटी के पास संत चतुरदास महाराज के मंदिर जा रहे थे।

0000

प्रदेश में गर्मी के तेवर फिर से तीखे हो रहे हैं। हालांकि कल अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा नीचे मापा गया, जिससे लोगों को आंशिक राहत मिली। वहीं पश्चिमी जिलों में गर्मी और लू का प्रभाव जारी रहा। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 43 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान फलोदी में मापा गया, जबकि बाड़मेर में पारा 42 दशमलव 8 डिग्री रहा। बीकानेर, चूरू, जैसलमेर में तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रहा। अजमेर में अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री रहा, जहां उमस और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने आज आठ जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी करते हुए अगले सप्ताह से गर्मी और तेज होने की संभावना जताई है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 31 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। आप 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एस.एम.एस. से प्राप्त लिंक से भी सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000

कीमती धातुओं पर भारी सीमा शुल्क लगाने के कुछ ही दिनों बाद, सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी के आयात की नीति को मुक्त से प्रतिबंधित करके संशोधित कर दिया गया है। सरकार ने बुधवार को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। प्रतिबंधित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए सरकारी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

0000